भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1059
जिसका उत्तर गुरुवार, 15 दिसम्बर, 2022 को दिया जाना है

स्थायी नियुक्तियों के लिए परीक्षाएं

1059 # श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा देश के विभिन्न न्यायालयों में अधीनस्थ कर्मचारियों की स्थायी नियुक्तियों के लिए कितनी परीक्षाएं सम्पन्न कराई गई हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) इनमें से कितनी परीक्षाओं का परिणाम समय पर नहीं आया है ;

(ग) इनमें से कितनी परीक्षाओं को विगत 5 वर्षों में निरस्त कर दिया गया है ; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय ने कितने पदों को समाप्त कर दिया है और कितने पदों को समाप्त करने की कार्रवाई चल रही है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग ने विगत 5 वर्षों के दौरान विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में निजी सहायक पद हेतु स्थायी नियुक्ति के लिए 5 (पांच) परीक्षाएं आयोजित कराई थीं । वर्ष 2018 और वर्ष 2020 में मराठी भाषा में, वर्ष 2019 में तेलुगू और तमिल भाषाओं में और वर्ष 2021 में मणिपुरी भाषा में स्थायी सहायक के हर-एक पद के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी । निजी सहायक, मणिपुरी भाषा के पद के लिए आयोजित परीक्षा रद्द कर दी गई थी । गत 5 वर्षों के दौरान, सोलह पद समाप्त कर दिए गए हैं ।

****